# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर

हायर सेकेंण्री सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2008–09

मॉडल प्रश्न पत्र (Model Question Paper)

कक्षाः– 12 वीं
विषयः– विशिष्ट हिन्दी
समयः– 3 घण्टे
पूर्णांकः– 100

Class:- 12th
Subject:- Special Hindi
Time:- 3 Hours
Maximum Marks :- 100

निर्देशः– 1. सभी प्रश्न हल कीजिए।
2. प्रश्न क्रमांक 1 से 11 तक के उत्तरों पर 2 अंक तथा शब्द–सीमा 30 है।
3. प्रश्न क्रमांक 12 से 19 तक के उत्तरों पर 3 अंक तथा 50 शब्द है।
4. प्रश्न क्रमांक 20 से 25 तक के उत्तरों पर 4 अंक एवं शब्द–सीमा 100–125 शब्द है।
5. प्रश्न क्रमांक 26 से 29 तक के उत्तरों पर 5 अंक एवं शब्द–सीमा 100–125 शब्द है।
6. प्रश्न क्रमांक 30 निबंधात्मक है। इसमें 10 अंक है। शब्द सीमा 250 से 300 है।

प्रश्न 1– श्रृंगार रस को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । (2)

प्रश्न 2– ए.जी. गार्डिनर कौन थे ? (2)

प्रश्न 3– सूखी डॉली एकांकी का आशय स्पष्ट कीजिए । (2)

प्रश्न 4– दिये गये मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए – (2)
1. आस्तीन का साँप ।
2. घी के चिराग जलाना ।

प्रश्न 5– मान सरोवर निर्मल कैसे हो गया । (2)

प्रश्न 6– बेजुबान शब्द का प्रयोग लेखक ने किसके लिए किया है ? (2)

प्रश्न 7– अन्योक्ति अलंकार के लक्षण बताकर उदाहरण दीजिए । (2)

प्रश्न 8– छप्पय छन्द का एक उदाहरण दीजिए । (2)

प्रश्न 9— धृत्राष्ट्र कौन थे ? लेखक ने उनका उल्लेख किसलिए किया है ? (2)

प्रश्न 10— निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए — (2)
1. यह आपके लेखनी का चमत्कार है ।
2. श्री कृष्ण के अनेकों नाम है ।

प्रश्न 11— सहयोग तथा श्रम से क्या अभिप्राय है ? (2)

प्रश्न 12— श्रद्धा और प्रेम में क्या अंतर है ? (3)

प्रश्न 13— ''उसने कहा था'' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए । (3)

प्रश्न 14— मानसरोवर की इच्छा पूरी होने पर मान सर ने क्या भाव व्यक्त किये । (3)

प्रश्न 15— पुरूषार्थ को सबसे बड़ा देवत्व क्यों कहा गया है ? (3)

प्रश्न 16— कवि धनानंद ने संदेश भेजने के लिए पवन को ही दूत क्यों बनाया ? (3)

प्रश्न 17— ''तुम्हारी प्रेरणा से मेरी प्रेरणा इतनी भिन्न है'' कवि के इस कथन से क्या तात्पर्य है ? (3)

अथवा

छायावाद की दो विशेषताएँ उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न 18— ''फ्री स्टाइल'' गवाही एकांकी के उद्‌देश्य लिखिए । (3)

प्रश्न 19— कवि ने नौका विहार की तुलना जीवन के शाशवत क्रम से किस प्रकार की है ? (3)

प्रश्न 20— ''उसने कहा था'' कहानी में आपको किस चरित्र ने प्रभावित किया है, और क्यों किया है ? (4)

प्रश्न 21— आदिवासीयों के रीति–रिवाज पर संक्षिप्त प्रकाश डालिए । (4)

अथवा

चीनी फेरी वाला अपने देश वापस क्यों चला गया ? लेखिका ने उसे किस प्रकार सहायता दी ?

प्रश्न 22– "मैं सीधी–सादी पटरी–पटरी दौड़ा हूँ" पंक्ति में कवि अज्ञेय जी क्या कहना चाहते हैं ? (4)

प्रश्न 23– संध्या की सखी नीखता के व्यापक प्रभाव का वर्णन कीजिए । (4)

प्रश्न 24– कबीर दास जी अथवा जयशंकर प्रसाद का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए– (4)

1. रचनाएँ (कोई दो) 2. भाषा शैली
3. कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान

प्रश्न 25– पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी अथवा श्री वियोगीहरि साहित्यिक विशेषताओं परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए। (4)

1. रचनाएँ 2. भावपक्ष
3. कलापक्ष 4. साहित्य में स्थान

प्रश्न 26– निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए– (5)

तरूण भविष्य को वर्तमान में लाना चाहते हैं– और वृद्ध अतीत को खींचकर वर्तमान में खींचना चाहते हैं। तरूण क्रांति के समर्थक होते हैं और कुछ अतीत गौरव के संरक्षक। इन्हीं दोनों के कारण वर्तमान सदैव क्षुब्द रहता है और इसी से वर्तमान काल सदैव सुधारों का काल बना रहता है।

अथवा

मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म भर की घटनाएँ एक–एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं, समय की धुन्ध बिल्कुल उन पर से हट जाती है।

प्रश्न 27– निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक की सन्दर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए–(5)

अ. दुर्लभ मानुष जनम है, देह न बार–बार।

तरवर ज्यों पत्ता झड़े, बहुरि न लागे डार''
गोधन गजधन, बाजिधन, और रतन सब खानि,
जब आवै संतोष धन, सब धन धूरि समान।।

अथवा

अति सूधो सनेह को मारग है,
जहँ नेकु सयानप बाँक नहीं।
झझकै कपटी जे निसाँक नहीं।
धनानन्द प्यारे सुजान सुनो,
यहाँ एक वे दूसरो आँक नहीं।
तुम कौन सी पाटी पढ़े हौ कहौ,
मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।।

प्रश्न 28– निम्न अवतरण को ध्यान से पढ़िये और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मानव एक सामाजिक प्राणी है। परस्पर सहयोग उसके जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। आदिकाल से ही मानव–जीवन में दो प्रकार की प्रवृत्तियाँ काम करती हैं। कुछ लोग स्वार्थ भावना से प्रेरित होकर अपना ही हित साधन करते हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो दूसरों के हित के लिए अपना जीवन–न्यौछावर कर देते हैं। परोपकार की भावना अपना सब कुछ त्यागने के लिए प्रोत्साहित करती है। भारत वर्ष 'बहुजन हिताय' तथा 'बहुजन सुखाय' की भावना लेकर चलने वाली भूमि है।

प्र. 1 उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। (1)
प्र. 2 परोपकारी व्यक्ति के क्या लक्षण हैं ? (1)
प्र. 3 भारतवासी किस भावना से प्रेरित होकर कार्य करते हैं ? (1)
प्र. 4 उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। (2)

प्रश्न 25– सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर (छ.ग.) को अंक सूची की द्वितीय प्रति भेजने के सम्बन्ध में आवेदन पत्र लिखिए। (4)

अथवा

जिलाध्यक्ष, जिला रायपुर को एक शिकायती पत्र लिखिए जिसमें परीक्षा काल में लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध के सम्बन्ध में शिकायत हो

प्रश्न 30— निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबन्ध लिखिए— (10)

1. राष्ट्रीय एकता ।
2 छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटक स्थल।
2. जीवन में खेल का महत्व
5. राष्ट्र निर्माण में युवा पीढ़ी का दायित्व।

————0————